## सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\dfrac{\text{28 फाल्गुन, 1942 (श०)}}{\text{19 मार्च, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **127**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 19 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 72 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 20 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 04 |
| | | | कुल योग -- | 127 |

निर्माण कराना

'ए'-*1766. श्री देवेश कांत सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड चन्दौली में 35/11 के0भी0ए0 का मात्र एक ही पावर सब-स्टेशन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन से गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों, हरिहरपुर कला, सादीपुर, गोरेयाकोठी, बरहोगाप्रषोतिम आदि सहित अन्य पंचायतों को समुचित ढंग से विद्युत् आपूर्ति नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों में 35/11 के0भी0ए0 पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों, हरिहरपुर कला, सादीपुर, गोरेयाकोठी बरहोगापुरूषोतम आदि जगहों की दूरी 33/11 के0 वी0 चन्दौली पावर सब-स्टेशन से लगभग 20 किलो मीटर है । उक्त गाँव फीडर के अंतिम छोर पर अवस्थित होने के कारण कभी-कभी बिजली की समस्या उत्पन्न होती है । इन सभी जगहों पर औसतन 20-22 घंटे विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है ।

वर्तमान में गोरेयाकोठी के जामों में नये पावर सब-स्टेशन की कोई योजना नहीं है ।

--------

मुआवजा देना

'ऐ'-*1908. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा एवं बरौली प्रखंड में विगत् वर्ष भयंकर बाढ़ आई जिसमें किसानों की गन्ने की खड़ी फसल नष्ट हो गई एवं उन्हें मुआवजा की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई, यदि हाँ, तो सरकार मांझा एवं बरौली प्रखंडों के किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण करना

*2615. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की नीति प्रत्येक जिला में सोलर मेगा प्रोजेक्ट लगाने की है, यदि हाँ, तो सरकार मधेपुरा जिला में कबतक सोलर मेगा योजना को पूर्ण करने का विचार रखती है ?

--------

नियुक्ति कराना

*2616. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना दन्त महाविद्यालय अस्पताल में विभागीय पत्रांक 74(2), दिनांक 25 जनवरी, 2017 एवं 762(2), दिनांक 23 अगस्त, 2017 के आलोक में तृतीय वर्गीय रिक्त पदों पर वाक-इन-इंटरव्यू आमंत्रित कर बहाली की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन बहालियों में आरक्षण प्रावधान को लागू नहीं किया गया और पूर्व से कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मियों के सगे-संबंधियों की नियुक्ति की गई जिसमें व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन नियुक्तियों को रद्द कर निष्पक्ष नियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ए'-दिनांक 13 मार्च, 2021 को सदन द्वारा स्थगित ।

'ऐ' दिनांक 15 मार्च, 2021 को सदन द्वारा गन्ना उद्योग विभाग से आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

मुआवजा राशि हेतु

'ओ'-*2617. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड में ग्राम-रामपुर आमी के श्री सर्वदेव सिंह, श्री कमल कुमार सिंह, श्री अभय कुमार सिंह, श्री शुभ नारायण सिंह एवं श्री मनोज कुमार सिंह की जमीन को एन0एच0 19 फोरलेन के निर्माण हेतु वर्ष 2012 में अधिग्रहण किया गया था, परंतु मुआवजा राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन मालिकों के मुआवजा राशि को विमुक्त करने हेतु सक्षम प्राधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सारण द्वारा विगत् दो वर्षों से कार्यालय विधि विभाग, छपरा से अनुरोध किया गया है, परंतु अबतक राशि विमुक्त नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मुआवजा राशि को विमुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*2618. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत प्रखंड पुनपुन के सन् 1942 में हुये शहीद रामानन्द रामगोविन्द सिंह के नाम पर निर्मित स्मृति शहीद पार्क, पुनपुन गत वर्ष में आये प्रलंयकारी बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के कारण जीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पार्क पुनपुन नदी के तट पर स्थित है जहाँ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पिंड दान होती है, जिसके कारण आये हुये पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 26 जनवरी, 2018 को मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा जाहिदपुर टोला के सार्वजनिक मंच से शहीद स्मृति पार्क तक सीढ़ी घाट का निर्माण कराने का घोषणा की गई थी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पार्क की मरम्मतीकरण के साथ-साथ जाहिदपुर टोला के छठ घाट से स्मृति पार्क तक सीढ़ी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि हेतु

*2619. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के कृष्णा देवी, पति-मुन्ना राम, लाची देवी, पति-योगेन्द्र जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चाँद तथा मिथिलेश कान्ती जो सदर अस्पताल, भभुआ में ममता के पद पर कार्यरत थी कि मृत्यु सेवा काल के दौरान हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सिर्फ एक ममता कर्मी के लिये 4 लाख की राशि निर्गत की गई है तथा जिला को विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश नहीं दिया गया कि 4 लाख की राशि किस ममता के लिये निर्गत किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तीनों ममता कर्मी के लिये अलग-अलग राशि का आवंटन कर जिला स्वास्थ्य समिति, भभुआ को शेष अनुदान की राशि कबतक निर्गत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ओ'-विधि विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

स्थापना करना

*2620. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विकसित बिहार के सात निश्चय अन्तर्गत बेगूसराय में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का स्थापना नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरौनी प्रखण्ड के मौजा असुरारी, थाना नं0 472 में अवस्थित बियाडा की 20 एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को सशुल्क हस्तान्तरण के लिए मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक विविध-66/2016-44(1), दिनांक 8 जनवरी, 2019 द्वारा प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, उद्योग भवन को उक्त भूमि के हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित भूमि की मूल्य तय कर मांग पत्र उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था परन्तु आजतक जमीन हस्तान्तरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रस्तावित भूमि का हस्तान्तरण की प्रक्रिया पूरी कर महाविद्यालय के स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

तार लगवाना

*2621. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर परिषद् फुलवारी शरीफ के मुहल्ला कन्हैयानगर दलित बस्ती के बीचों-बीच से 11 हजार बिजली का नंगा तार पोल से गुजर रहा है, जिसके कारण वहाँ के स्थानीय लोगों को काफी कठिनाई एवं तार गिरने का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नंगा तार के जगह प्लास्टिक का कभर वाला तार लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*2622. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल मधेपुरा में सृजित पद के विरुद्ध मात्र 22 चिकित्सक ही पदस्थापित हैं उसमें 05 को छोड़कर सभी मधेपुरा मुख्यालय से बाहर आवासित है तथा ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे मरीजों को इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकर जनहित में उक्त अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर पदस्थापन करने तथा अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों से नियमित सेवा लेने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

----------

सहयोग राशि दिलाना

*2623. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा में 6 माह पूर्व रीता देवी सहित अन्य 05 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला अधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा उक्त मृतकों के आश्रितों को राज्य सरकार द्वारा आपदा मद से मुआवजा (सहयोग) की राशि दिलाने हेतु दो माह पूर्व आवंटन की माँग राज्य मुख्यालय से किया गया है, जो अभीतक लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित मृतकों के आश्रितों को सहयोग की राशि दिलाने के लिए विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 3 जुलाई, 2020 को हुई सड़क दुर्घटना में रीता देवी एवं अन्य तीन कुल चार व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा अन्य पाँच व्यक्ति घायल हुए थे ।

(2) एवं (3) मृतक 1. रीता देवी, पति-मनोज पासवान, चेक संख्या 038170, दिनांक 3 जुलाई, 2020 2. आलोक पासवान, पिता-मनोज पासवान, चेक संख्या-038171, दिनांक 3 जुलाई, 2020 3. देवनरायण पासवान, पिता-केशवर पासवान, चेक संख्या-038172, दिनांक 3 जुलाई, 2020 4. रागनी देवी, पति-शीतबसंत पासवान, चेक संख्या 038173, दिनांक 3 जुलाई, 2020 द्वारा इनके निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान की राशि मो0-04-04 लाख रुपये की दर से भुगतान कर दिया गया है। इस घटना में सभी पाँच घायलों को मानदर के आलोक में अनुमान्य रु0 4300-4300 /- की दर से भुगतान किया जा चुका है।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

आयुष चिकित्सकों का मानदेय

*2624. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के नीतिगत निर्णय के तहत निर्गत पत्रांक 10(1), दिनांक 8 जनवरी, 2021 द्वारा संविदा पर कार्यरत सभी प्रकार के चिकित्सकों का मानदेय एक समान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एलोपैथ (M.B.B.S) चिकित्सकों का मनदेय 13 फरवरी, 2019 के द्वारा बढ़ाकर 65,000 रु0 महीना कर दिया गया है परन्तु आयुष चिकित्सकों का मानदेय अभी भी 44,000 रु0 प्रति महिना दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आयुष चिकित्सकों का मानदेय M.B.B.S चिकित्सकों के बराबर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) विचाराधीन है ।

---

सरल प्रक्रिया अपनाना

*2625. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलानें की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य के संवर्धन हेतु केन्द्र सरकार की 'आयुष्मान भारत' का गोल्डेन कार्ड बनाया गया है एवं बनाने की प्रक्रिया जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिस परिवार का गोल्डेन कार्ड बन गया है, उस परिवार में नवागन्तुक सदस्य का नाम नहीं जुड़ पाने से वे स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवागन्तुक सदस्य का नाम जोड़वाने हेतु सरल प्रक्रिया अपनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मानदेय का वार्षिक वृद्धि करना

*2626. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलानें की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में संविदा पर नियुक्त दंत चिकित्सक शिक्षकों के मानदेय का निर्धारण विभागीय ज्ञापांक 435 (17), दिनांक 21 जुलाई, 2017 को निर्धारित किया गया था। जिसमें वार्षिक वृद्धि पर निर्णय अलग से लेने की बात कही गई थी। लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्षिक मानदेय वृद्धि पर निर्णय नहीं लिया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के उच्च स्तरीय कमिटी (चौधरी कमिटी) के अनुशंसाओं में भी वार्षिक मानदेय वृद्धि का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में संविदा पर नियुक्त उक्त कर्मियों का मानदेय का वार्षिक वृद्धि करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*2627. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत स्थित आरा सदर अस्पताल में मात्र एक ऑपरेशन थियेटर है तथा अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं का अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आरा सदर अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में मात्र एक लैंप है तथा इमरजेंसी में ECG की व्यवस्था भी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्पताल में अतिरिक्त ऑपरेशन थियेटर बनाने, मूलभूत सुविधाएँ बढ़ाने तथा इमरजेंसी वार्ड ECG की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली आपूर्ति कराना

*2628. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला चकिया में 33/11 के० भी० पॉवर सब-स्टेशन से चकिया नगर में 2017 तक एक ही फिडर से बिजली आपूर्ति की जाती थी परंतु उसके बाद चकिया को दो भागों में बाँट दिया गया नया फिडर तथा पुराना फिडर जहाँ नया फिडर से सरकारी कार्यालयों को कनेक्शन दिया गया जो अनवरत रूप से बिजली की आपूर्ति करती हैं, वहीं पुराने फिडर से सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं नगर वासियों को बिजली की आपूर्ति की जाती है जहाँ ऊर्जा आपूर्ति में हमेशा कटौती होती रहती है, तो क्या सरकार सम्पूर्ण चकिया नगर को एक ही फिडर से निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

इलाज कार्य हेतु

*2629. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में सदर अस्पताल, अरवल बनने के बाद पी० एच० सी० अरवल को बंद किये जाने से सदर अस्पताल पर मरीजों का दबाव बढ़ गया है जिसके कारण साधारण तौर पर बीमार पड़े लोगों को भी सदर अस्पताल ही जाना पड़ता है इस कारण इलाज में उन्हें दिक्कत होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अरवल पी० एच० सी० में इलाज कार्य के लिये विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*2630. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखंड के कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर होने के कारण पदस्थापित चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मी को मरीजों का इलाज करने में कठिनाई होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

अनुशंसा को लागू करना

*2631. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार का एक मात्र पटना स्थित सरकारी पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में कार्यरत संविदा आधारित दंत चिकित्सक शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष सेवा अवधि विस्तार में जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक 12534, दिनांक 17 मई, 2018 एवं ज्ञापांक 1003 दिनांक 22 जनवरी, 2021 के अलोक में अनुशंसित उच्च स्तरीय कमिटी (चौधरी कमिटी) के तहत स्थाई नियुक्ति तक बार-बार सेवा विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल में कार्यरत संविदा दंत चिकित्सक शिक्षकों पर सेवा अवधि विस्तार के संदर्भ में उक्त चौधरी कमिटी की अनुशंसा को लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकसित करवाना

*2632. श्री रण विजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के मोरवा उत्तरी पंचायत स्थित प्राचीन बाबा खुदनेश्वर धाम मंदिर एवं खुदनी बीबी के मजार जो सामाजिक सौन्दर्य का अनुठा उदाहरण है वहाँ प्रत्येक वर्ष धार्मिक समारोह का आयोजन किया जाता है किन्तु आधारभूत संरचना के अभाव में आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त स्थल को विकसित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2633. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के कृतपुर पंचायत वार्ड नं० 9 में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों की संख्या अत्यधिक रहने की वजह से समुचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक अतिरिक्त प्राथमिक केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

'क'-*2634. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड-19 बीमारी से मरने वालों को सरकार आपदा से चार लाख रुपया की राशि उनके परिजन को देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कचोर के निवासी दिनेश कापर की मृत्यु कोविड-19 से एस० के० एम० सी० एच० मुजफ्फरपुर में दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को 7.00 बजे में हो गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० दिनेश कापर को आपदा मद से चार लाख रुपया उनके परिजन को भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?'

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग से स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

स्थापित करना

*2635. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखण्ड-नौबतपुर स्थित नगर पंचायत आरोपुर के ग्राम-आरोपुर के वार्ड नम्बर 14 में गांगी पर कुँआ के पास कृषि कार्य हेतु ट्रांसफॉर्मर, विद्युत् तार एवं पोल स्थापित नहीं होने के कारण वहाँ के स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य का निष्पादन करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित ग्राम में ट्रांसफॉर्मर, विद्युत् तार एवं पोल स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

संचालित कराना

*2636. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड के नागरबस्ती में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के जर्जर भवन की वजह से अस्पताल में चिकित्सा कार्य नहीं हो रहा है साथ ही केन्द्र की जमीन पर भी अवैध कब्जा हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं अवैध कब्जा से मुक्ति दिलाकर चिकित्सा कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बेड की व्यवस्था

*2637. श्री अरूण कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तीस शैय्या वाला अस्पताल नहीं होने के कारण प्रखण्ड के रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है तथा वे मजबूरन निजी नर्सिंग होम में इलाज कराते हैं, जिससे उन्हें काफी आर्थिक क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 शैय्या वाले बेड की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है ?

------------

भवन का पुनर्निर्माण

*2638. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली विधान सभा क्षेत्र के विशनपुर पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन गिर जाने के कारण चिकित्सीय कार्यों में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का पुनर्निर्माण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य पूर्ण कराना

*2639. डॉ० सी०एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिवीलगंज प्रखंड के ग्राम-कचनार में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण 10 वर्ष पूर्व कराया गया है, जो आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे कार्य के लिये दोषी संवेदक और विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये कबतक कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*2640. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड पानापुर के कोंध ग्राम में तथा तरैया

Optimized by www.ImageOptimizer.net

प्रखण्ड के उसरीचाँदपुरा ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*2641. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 फरवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''देसरी पी०एच०सी० में मरीजों को न देकर लाखों मूल्य की जीवनरक्षक दवा गड्ढे में फेंकी गयी'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी पी०एच०सी० के खण्डहर वाले भवन में लाखों रुपये के जीवनरक्षक दवाईयाँ जो वर्ष 2021 में एक्सपायर होने वाली थी, भारी मात्रा में पाई गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पी०एच०सी० के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी न के बराबर केन्द्र पर आते हैं तथा खुद की क्लीनिक चलाने के साथ कई निजी नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल में सेवाएँ देते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) एवं (2) के मामलों की जाँच कराने तथा दोषी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुदान की राशि देना

*2642. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर प्रखंड के मिर्जापुर ग्राम में दिनांक 10 अक्टूबर, 2019 को 11 हजार वोल्ट के पक्षाघात के कारण क्रमशः प्रदीप साह, पिता स्व० योगेन्द्र साह ग्राम-मिर्जापुर, मुकेश तुरहा, पिता-सतन तुरहा, ग्राम-रघुनाथपुर, मुन्ना बैठा, पिता-मोहरम बैठा, ग्राम+पो०-सिसवाकला की मृत्यु हो गयी एवं उक्त घटना में अंकित यादव, पिता-दीलिप यादव, ग्राम मिर्जापुर, व प्रिंस कुमार, पिता-मिठु प्रसाद, ग्राम-मिर्जापुर बुरी तरह जल गये थे। जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक मृतकों के आश्रितों को एवं घायलों में अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को एवं घायलों को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*2643. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सहित राज्य में अगलगी की घटना होने पर गृह स्वामी को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में किराया के मकान में रहने वाले या दुकान चलाने वाले के यहाँ अगलगी की घटना होने पर सरकारी मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है जिससे गरीब परिवार को पुनर्वासित होने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किरायेदार के यहाँ भी आवासीय या व्यापारिक प्रतिष्ठान में अगलगी की घटना होने पर सरकारी मुआवजा देने का प्रावधान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोस्टमार्टम गृह हेतु

*2644. श्री सूर्यकांत पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0 जा0)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अनुमंडल स्तरीय अस्पतालों में पोस्टमार्टम घर (शव परीक्षण गृह) की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल अस्पतालों में पोस्टमार्टम गृह नहीं होने के कारण मृत शरीर को पोस्टमार्टम के लिए दूर स्थित सदर अस्पताल ले जाना पड़ता है जिसके कारण आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी अनुमंडल अस्पतालों में पोस्टामार्टम गृह की व्यवस्था उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*2645. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत दिनांक 1. फरवरी, 2020 को दुर्गावती थाना कांड संख्या 28/2020 के तहत सड़क दुर्घटना हुआ था जिसमें कुणाल सिंह की मृत्यु एवं शिवम् सिंह घायल हुए थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में सड़क दुर्घटना के उपरान्त होने वाली मृत्यु पर राज्य सरकार मुआवजा देती है परन्तु मृतक कुणाल सिंह के परिजन को अभीतक मुआवजे की रकम नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुणाल सिंह के परिजनों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) जिला पदधिकारी, कैमूर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार स्व0 कुणाल सिंह के परिजन को अनुग्रह अनुदान की राशि मो0 04.00 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है ।

---

संचालित कराना

*2646. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला में अवस्थित मगध मेडिकल कॉलेज गया में आपातकालीन सेवा में रात्रि के समय पदस्थापित चिकित्सकगण का तालिका पर क्रमबद्ध सूची के साथ मोबाईल नम्बर नहीं लगाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तालिका एवं क्रमबद्ध सूची उपलब्ध नही रहने के चलते आये दिन आपातकालीन में मरीजों को रात्रि के समय में चिकित्सकगण उपलब्ध नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में ध्यान में रखते हुए उक्त अस्पताल में आपातकालीन सेवा में पदस्थापित चिकित्सकगण की तालिका पर क्रमबद्ध सूची के साथ मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराते हुए आपातकालीन सेवा को सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल विकसित करना

*2647. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखण्ड अन्तर्गत पुरन्दाहा पंचायत, अंधासूर मेला स्थल के निकट एक प्राचीन शिव मंदिर है जिसमें श्रद्धालुगण पूजा-पाठ करने दुरदराज से आते-जाते रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ठहरने, शौचालय एवं पेयजल की सुविधा के साथ-साथ मंदिर का सौन्दर्यीकरण उपलब्ध नहीं रहने के कारण श्रद्धालु एवं जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मानदेय बढ़ाना

*2648. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में संविदा आधारित आयुष चिकित्सकों, फर्मासिस्टों तथा ए0 एन0 एम0 का मानदेय क्रमशः रू0 20,000/- , 12,000/- एवं 11,500/- प्रतिमाह था जिसमें से आयुष चिकित्सकों का मानदेय रु0 44,000/- कर दिया गया है तथा अन्य को छोड़ दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त फर्मासिस्ट एवं ए0 एन0 एम0 का मानदेय भी बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोलिंग एवं वायरिंग हेतु

*2649. श्री हरिभूषण ठाकुर 'बचोल'(क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत चपरिया ग्राम के उपभोक्ता बिजली के पोलिंग एवं वायरिंग से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी भी उक्त गाँव के उपभोक्ता बाँस बल्ला पर बिजली का कनेक्शन लगाकर बिजली जलाते हैं जिससे खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँव में पोलिंग एवं वायरिंग कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2650. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अगिआँव में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अगिआँव प्रखण्ड के अति0 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरकिरी मात्र एक कमरे में संचालित हो रहा है तथा चिकित्सक भी नियमित रूप से नहीं आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड के PHC में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थापित करने तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरकिरी में कमरों की संख्या बढ़ाने एवं चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*2651. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के दामलबाड़ी पंचायत स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस नहीं रहने के कारण गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पताल में ले जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति कराना

*2652. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सदर अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 1350(02), दिनांक 18 जुलाई, 2019 द्वारा चिकित्सको की प्रतिनियुक्ति की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों के अभाव में आम-जनता को समुचित चिकित्सा का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य शुरू कराना

*2653. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा अुमंडल मुख्यालय में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का अस्थाई भवन बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि व्यवहार न्यायालय चालू नहीं होने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्मित भवन में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्याओं का समाधान

*2654. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बाराहाट प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सबलपुर में बेड, दवाई आदि की कमी एवं चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने से मरीजों को चिकित्सा में परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं रहने से चिकित्सा कार्य में बाधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित समस्याओं का समाधान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान कराना

*2655. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में बिहार के औरंगाबाद गया एवं रोहतास जिले में भारी ओला वृष्टि से जान-माल की काफी क्षति हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार क्षतिपूर्ति का आकलन कराकर भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति हेतु

*2656. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना डेंटल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत 25 शिक्षकों का बी० पी० एस० सी० के द्वारा डेंटल सर्जन के रूप में चयन हुआ जिसमें 17 द्वारा योगदान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डेंटल सर्जन को शिक्षण हेतु ट्यूटर के पद पर प्रतिनियुक्त नहीं किया जा रहा है क्योंकि विभाग द्वारा संविदा पर ट्यूटर के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु नियम के विरुद्ध आयु सीमा का मानक निर्धारित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व से संविदा पर कार्यरत उक्त डेंटल सर्जन को ट्यूटर के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु उम्र सीमा में छूट देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन कराना

*2657. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी एवं दरभंगा सदर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध चिकित्सकों एवं कर्मियों का पदस्थापन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल मनीगाछी में स्वीकृत विशेषज्ञ चिकित्सक (गाइनी, मेडिसीन, सर्जरी एवं अन्य) पद रिक्त है, जिससे मरीजों को समुचित चिकित्सा नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में रिक्त पदों पर चिकित्सक, विशेषज्ञ चिकित्सक एवं कर्मी का पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर का विकास

*2658. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड में अवस्थित स्तूप परिसर में राजमाता मंदिर है जो अविकसित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पर्यटकीय दृष्टिकोण से उक्त राजमाता मंदिर का विकास करने का विचार रखती है ?

मुआवजा दिलाना

'ख'-*2659. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 2576/आ०प्र०, दिनांक 30 दिसम्बर, 2020 के पत्र से स्पष्ट है कि कुल 58 कोविड 19 से मृतकों की राशि जिला पदाधिकारी, पटना को दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 को मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त करा दिया गया है, परन्तु सत्यापन के नाम पर मृतकों के आश्रितों को जिला पदाधिकारी/अंचल पदाधिकारी/असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा परेशान किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कोविड से मृतकों के आश्रित को मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

लाभ देना

*2660. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के अन्तर्गत ग्राम नारायणपुर में दिनांक 6 सितम्बर, 2020 को डिभारनी नहर के पास नन्दु माँझी का पुत्र शिवनाथ कुमार जो करीब 15 वर्ष का था पैर फिसल जाने के कारण नहर में डूब गया, ग्रामीणों द्वारा काफी खोज-बीन करने के उपरांत शव को निकाला गया, जिसके परिवार को आजतक किसी भी प्रकार की आर्थिक लाभ नहीं दिया गया तो क्या सरकार उक्त परिवार को आर्थिक लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली बिल सुधार

*2661. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज एवं पारू प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं सहित जो बी०पी०एल० अन्तर्गत है, को भी माह नवम्बर, दिसम्बर, 2020 से लगातार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी 20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह बिजली बिल प्राप्त हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र के उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सुधार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

वेतन एवं ग्रेड पे देने हेतु

*2662. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 एकमा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में फिजियोथेरेपिस्ट कॉउन्सिल का गठन करने के लिये 11 सितम्बर, 2016 को माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिये जाने के बावजूद उन्हें राजपत्रित अधिकारी के अनुरूप वेतन एवं ग्रेड-पे नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक फिजियोथेरेपिस्ट कॉउन्सिल का गठन करने एवं फिजियोथेरेपिस्ट को राजपत्रित पदाधिकारी के अनुरूप वेतन एवं ग्रेड-पे देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कभर तार लगाना

*2663. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बनबारी पंचायत के वार्ड नं० 2 गरगद्दी टोला में 440 वोल्ट् का तार खुला रहने के कारण हमेशा जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों में कभर तार कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'ख'-आपदा प्रबंधन विभाग से स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

मुआवजा देना

*2664. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला वैशाली के प्रखंड जन्दाहा के अन्तर्गत पंचायत डीह बुचौली में दुलौर ग्राम में गत वर्ष दिसम्बर महीने में आगलगी की घटना हुयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस आगलगी में रामप्रीत शर्मा एवं चंचल सहनी समेत कुल आठ लोगों के घर जल गये थे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन गरीब लोगों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदाधिकारी का स्थानान्तरण

*2665. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के नियमानुसार सरकारी कर्मी को एक जगह पर 3 वर्षों से ज्यादा समय तक पदस्थापित नहीं रहने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर सदर अस्पताल में वैसे पदाधिकारी (डीपीएम हॉस्पिटल मैनेजर एवं अन्य) अभी भी पदस्थापित हैं जिनका कार्यकाल 6 वर्षों से ज्यादा हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उन पदाधिकारी का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

*2666. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विक्रम प्रखण्ड स्थित ग्राम अन्ध्राचौकी के मुस्कान कुमारी की 18 सितम्बर, 2020 को ठनका गिरने से, बिहटा प्रखण्ड स्थित ग्राम-पाण्डेयचक के मरियम खातुन उर्फ प्रवीण की 14 अप्रील, 2020 को सोन नदी में डूबने से एवं प्रखण्ड नौबतपुर स्थित ग्राम दिनाचक के मंगलेश यादव की 12 अगस्त, 2020 को ठनका गिरने से मृत्यु हो गयी थी परंतु अभीतक उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त वर्णित मुआवजा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*2667. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिर्जापुर और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परसाहाट में डॉक्टर नहीं है, जहाँ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास के डॉक्टर को तत्काल प्रतिनियुक्त कर काम चलाया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थायी डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*2668. श्री विजय शंकर दूबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के माँझी प्रखंड के सीतलपुर एवं ताजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के पास उत्क्रमण हेतु सभी अर्हताएँ मौजूद हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2669. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के रेफरल अस्पताल, झाझा एवं रेफरल अस्पताल, लक्ष्मीपुर का निर्माण एवं प्रारंभ 80 के दशक में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल, झाझा एवं रेफरल अस्पताल, लक्ष्मीपुर दोनों के ही भवन की स्थिति जर्जर हो गयी है, जिसके कारण वहाँ के चिकित्सकों को अस्पताल चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों ही जगहों पर नये अस्पताल भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रिड का निर्माण

*2670. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा से रोह होते हुये कौआकोल तक 33 के0भी0 का तार स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा से कौआकोल की दूरी लगभग 46 किलो मीटर है जिससे लो वोल्टेज एवं ब्रेक डाउन की स्थिति हमेशा बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोह से कौआकोल के बीच नये पावर ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति कराना

*2671. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिवीलगंज प्रखंड के टेकनिवास बाजार ग्राम में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण 2 वर्ष पूर्व हो गया है, लेकिन आजतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

मशीन लगवाना

*2672. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया सदर अस्पताल में सी0 टी0 स्कैन मशीन की सुविधा नहीं है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे एवं सी0 टी0 स्कैन मशीन है, जिससे मरीज एवं उनके परिजनों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पतालों में कबतक वर्णित मशीने लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण एवं स्वास्थ्य व्यवस्था

*2673. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखंड के लाड़नपुर ग्राम में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र को 25 वर्ष पूर्व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मान्यता सरकार से प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में अबतक विकसित नहीं किये जाने से भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं स्वास्थ्य सुविधा स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपलब्धता से प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाड़नपुर ग्राम में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण सहित स्वास्थ्य व्यवस्था कबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के अनुरूप करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2674. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या 156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में वर्षों पुराने बिजली पोल सड़क के किनारे रहने के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है फलस्वरूप शहर में प्रत्येक दिन जाम लगा रहता है एवं दुर्घटनाएँ भी घटती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार भागलपुर शहर में सड़क के किनारे अवस्थित बिजली के पोल को हटाकर भूमिगत केबल से विद्युत् आपूर्ति करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संचालित करना

*2675. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर परिषद्, फुलवारीशरीफ के मुहल्ला संगत पर उत्तरी, राष्ट्रीयगंज, इसोपुर करोड़ीचक, ताजनगर एवं आजादनगर में बगैर पोल के टूटी-फुटी बाँस के सहारे बिजली जला रहे हैं, किसी भी समय बड़ी हादसा हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित मुहल्ला में तार एवं पोल गाड़ कर बिजली को सुचारू ढंग से संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*2676. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किरतपुर में चिकित्सक के चार स्वीकृत पद के विरुद्ध एक चिकित्सक पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स के 28 स्वीकृत पद के विरुद्ध मात्र 12 नर्स पदस्थापित हैं तथा पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या भी स्वीकृत पदों से बहुत कम है, जिसके कारण रोगियों को काफी कठिनाइयाँ होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक, नर्स एवं पारा मेडिकल स्टाफ के स्वीकृत पदों पर पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

केन्द्र को चालू करना

*2677. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राम रेखा घाट पर 30 वर्ष पूर्व ध्वनि एवं प्रकाश केन्द्र स्थापित किया गया था जिसमें ध्वनि एवं प्रकाश के समन्वय से राम चरित्र का चित्रण होता था, उक्त केन्द्र स्थापना के 4 वर्ष बाद बंद हो गया था, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त केन्द्र को पुनः कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण करना

*2678. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड में मध्य विद्यालय, टेटुआ से अतरी थाना तक 11 हजार का विद्युत् प्रवाहित होती है जिसका तार जीर्ण अवस्था में, कम ऊँचाई पर तथा कई मकानों एवं वृक्षों के ऊपर होकर गुजरती है जिससे कभी भी आमजनों का तार से स्पर्शघात से जान-माल का खतरा बना हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को बदलने, तार की ऊँचाई बढ़ाने एवं आबादी रहित स्थानों पर उक्त विद्युत् तार स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल विकसित करना

*2679. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखंड रामगढ़ के पंचायत मसाढ़ी के ग्राम-बैद्यनाथ में बैद्यनाथ बाबा का मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर 700 साल पुराना है जहाँ प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैद्यनाथ बाबा के मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल हेतु

*2680. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के पानापुर लंगा पंचायत में अवस्थित बाबा भूईयाँ स्थान मंदिर में बिहार सहित अन्य राज्यों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में भक्तगण दूग्धाभिषेक करने आते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोस्टमॉर्टम की सुविधा

*2681. श्री राम रतन सिंह (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के अनुमंडल अस्पताल, डुमराँव में पोस्टमॉर्टम की सुविधा नहीं है जिससे पोस्टमॉर्टम हेतु परिजनों को दूर स्थित अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल अस्पताल में ही पोटस्मॉर्टम की सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण हेतु

*2682. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड के सुन्दरपुर-भिट्टी पंचायत के निमा ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य 6 साल से अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो इसे सरकार कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

जाँच कराना

*2683. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड हिसुआ के ग्राम-सकरा की वर्ष 2020-21 की योजना संख्या 70 की प्राक्कलन राशि 4,99,100 की निकासी उक्त कार्य हुए बिना ही कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री सतीश कुमार, कार्यपालक अभियंता के कार्यकाल में उक्त गबन सहित अन्य अनियमितताएँ हुई हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकर श्री सतीश कुमार के 2020-21 के कार्यों की जाँच कराने का विचार रखती है ?

---

भवन निर्माण कराना

*2684. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमि स्वास्थ्य केन्द्र, परसाहाट का अपना भवन नहीं है और वर्तमान में यह हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, परसाहाट में संचालित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परसाहाट का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2685. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के थाथन बुर्जुग पंचायत में अवस्थित घोसवर स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं दयालपुर पंचायत का दयालपुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का जीर्णोद्धार कराते हुए इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना

*2686. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत इस्लामपुर प्रखण्ड के कपसिया एवं जैतिपुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2014-15 से ही कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन बहुत छोटा है तथा बेडों की संख्या कम रहने के कारण गम्भीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का प्राथमिक उपचार भी नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कपसिया एवं जैतिपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को उत्क्रमित कर मानक के अनुरूप भवन एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कभर तार लगाना

*2687. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है क अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बोची पंचायत के वार्ड नं0-2, चरांनी बस्ती के पनार नदी के उस पार कभर विद्युत् तार नहीं रहने के कारण जान-माल का नुकसान होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान में विद्युत् कभर तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

मठाधीश आवास से हटाना

*2688. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के बरगजवा गाँव में स्थित रघुनीबाबा मठ के मठाधीश के आवास में विगत दस वर्षों से उप-स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र की जनता को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुये सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को उक्त स्थल से हटाने हेतु लिखित आदेश दिये जाने के बावजूद अबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को वहाँ से नहीं हटाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को उक्त मठाधीश आवास से हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*2689. डॉ० सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ शहर के वार्ड नं० 44 पहड़पुरा मुहल्ला में पैरू महतो सोमरी कॉलेज के दक्षिण में सड़क का पी० सी० सी० ढलाई एवं नाली के निर्माण हेतु दिनांक 6 मई, 2020 को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रश्नकर्ता सदस्य के द्वारा अनुशंसा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहारशरीफ नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा दिनांक 18 मई, 2020 को गलत प्रतिवेदन दिया गया कि खंड (1) में वर्णित सड़क बना हुआ है जबकि उक्त सड़क अभीतक निर्मित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग़लत प्रतिवेदित कर विकास के कार्य में बाधक बने दोषियों की पहचान कर कार्रवाई करने के साथ सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*2690. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के ग्राम-लदौत, टोला बड़याड़ीसेर, थाना-बेनीपट्टी के सत्यम कुमार पिता श्री राजेश मुखिया को दिनांक 13 जनवरी, 2018 को नदी में डूबने से मृत्यु हो गई है जिसका बेनीपट्टी थाना में थाना कांड सं० 04/2018, दिनांक 13 जनवरी, 2018 को दर्ज है लेकिन उनके परिवार को मुआवजा राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मृतक सत्यम कुमार के परिवार को मुआवजा राशि का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*2691. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय क्वार्टर नहीं रहने से काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय क्वार्टर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

वेतन में वृद्धि का विचार

*2692. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट (टेन्योर पद) और विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (पीजी बंध सेवा) जो कि स्नातकोत्तर/डिप्लोमा के बाद ही योग्य माने जाते हैं, का मानदेय स्नातकोत्तर छात्रों से भी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 3 या 2 वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम के दौरान प्रत्येक वर्ष वेतनमान वृद्धि का प्रावधान है जबकि सीनियर रजिडेंट को 3 साल ते एक ही वेतनमान दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीनियर रेजिडेंट एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के वेतन में वृद्धि का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । स्नातकोत्तर छात्रों के मानदेय के पुनरीक्षण के बाद स्नातकोत्तर छात्र (तृतीय वर्ष) का मानदेय सिनियर रेजिडेन्ट से अधिक हो गया है किन्तु इस विसंगति के आलोक में सीनियर रेजिडेन्ट का भी मानदेय बढ़ाया गया है, जो निम्नवत है:--

प्रथम वर्ष- 85000/-

द्वितीय वर्ष - 90000/

तृतीय वर्ष- 95000/-

(2) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सीनियर रेजिडेन्ट के विभिन्न वर्षों का अलग-अलग मानदेय दिया जाता है ।

(3) उपरोक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट की गयी है ।

--------

संचालित कराना

*2693. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 30 हजार की आबादी पर एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित करने की सरकार की नीति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नीति के तहत ही जमुई जिला के लक्ष्मीपुर प्रखंड के ग्राम-दिग्धी ककचनौर तथा झाझा प्रखंड के ग्राम-चाँय, धमना एवं बोड़वा में भी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2694. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत प्रखंड मोहड़ा के ग्राम-सेबतर में स्वास्थ्य केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मी के उपस्थित नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिये भारी परेशानी के बावजूद बाहर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थापित कर्मी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

निर्माण कराना

*2695. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव में हरियाणा फार्म की जमीन पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण का जिम्मा एक वर्ष पूर्व ही बिहार मेडिकल सर्विस एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर को दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हरियाणा फॉर्म की उक्त जमीन पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण के लिय स्वास्थ्य विभाग को कुल 25.38 एकड़ भूमि अप्रील, 2018 में हस्तानन्तरित की जा चुकी है तथा नई दिल्ली के कुपेजा आर्किटेक्टर द्वारा डिजाइन तैयार कर विभाग को मई, 2020 में सौंप दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त जमीन पर मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव रोकना

'ग'-*2696. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखण्ड राजपुर के पंचायत दुक्का के ग्राम कर्मा में पुल से सटे नदी के पास कटाव होने के कारण ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है एवं संबंधित पुल भी गिरने की आंशका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कटाव कबतक रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु

*2697. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के उप-सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के संकल्प 1070(14), दिनांक 20 मई, 2006 एवं संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के संकल्प 946(14), दिनांक 14 अगस्त, 2015 के तहत सरकारी कर्मियों को अन्तर्वासी प्रसव चिकित्सा में चिकित्सा प्रतिपूर्ति अनुमान्य किया जाता था, परंतु संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग, पटना के पत्रांक 2087(14), दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 द्वारा उक्त सुविधा को समाप्त कर दिया गया है।

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार महिला कर्मियों के हित में अन्तर्वासी प्रसव चिकित्सा में पूर्व की भाँति चिकित्सा प्रतिपूर्ति अनुमान्य करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि विभागीय संकल्प सं० 1070(14), दिनांक 20 मई, 2006 एवं संकल्प सं० 946(14), दिनांक 14 अगस्त, 2015 द्वारा राज्य के सरकारी कर्मियों एवं उनके आश्रितों को रोगों की अन्तर्वासी चिकित्सा में हुये व्यय की नियमानुसार प्रतिपूर्ति अनुमान्य है। विभिन्न विभागों द्वारा, समय-समय पर, संस्थागत प्रसव पर हुये व्यय की प्रतिपूर्ति के बिन्दु पर स्वास्थ्य विभाग परामर्श की अपेक्षा की जाती रही है प्रसव एक नैसर्गिक प्रक्रिया है, जिसे रोग की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। फलत: विभागीय पत्रांक 2087(14), दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 द्वारा प्रसव के लिये चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की अनुमान्यता नहीं होने की व्यवस्था संसूचित है।

(2) कतिपय विभाग से पुनर्विचार के प्राप्त अनुरोध के आलोक में विभागीय पत्रांक 2087(14), दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 द्वारा दी गयी व्यवस्था की विभागीय स्तर पर समीक्षा की जा रही है।

नोट— 'ग'-आपदा प्रबंधन विभाग से जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़ाना

*2698. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के एडवाइजरी के अनुसार प्रत्येक एक लाख की आबादी पर एक स्वास्थ्य केन्द्र होना चाहिए इस हिसाब से बिहार में करीब 1100 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होना चाहिए जबकि यहाँ सिर्फ 70 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं, इस कारण राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत बेहद ही खराब है और जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आबादी के हिसाब से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

निर्माण कराना

*2699. श्री रण विजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शाहपुर पटोरी में अनुमंडल न्यायालय कार्यरत है किन्तु भवन जर्जर रहने के कारण आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

राशि मुहैया कराना

*2700. श्री देवेश कांत सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेयाकोठी प्रखंड अन्तर्गत गोरेयाकोठी, दुधड़ा, बरहोगाप्रषोतिम, हरपुर, भिठी सहित अन्य पंचायतों में 2020 की बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के बीच बाढ़ राहत राशि का वितरण अबतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार वंचित लोगों के बीच कबतक बाढ़ राहत राशि मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

अस्पताल का निर्माण

*2701. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी अनुमंडल में विगत वर्ष से 75 शैय्या वाले अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है, जो अबतक अधूरा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

बिजली तार हटाना

*2702. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी से मढ़िया तक 1100 वोल्ट बिजली का तार कर्पूरी चौक से पूरब पूनम कुमारी, पति-मनोज कुमार ठाकुर, गौड़ी शंकर यादव, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के छत के ऊपर से गयी हुयी है जिस कारण दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घरों के छत के ऊपर से बिजली तार हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

योजना का लाभ देना

'घ'-*2703. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये गरीबों के आवास यदि बाढ़ या अन्य प्राकृतिक दुर्घटना में क्षतिग्रस्त या ध्वस्त होता है तो उसे पुन: उक्त योजना के तहत आवास बनाने के लिये राशि नहीं दी जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रसंगाधीन गरीबों को दोबारा उक्त योजना का लाभ देने का विचार रखती है ?

--------

स्थापित करना

*2704. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में हरनीकाल, रायपुरा, सीरमतपुर, सुन्दरपुर एवं टुनवा मुनवा ग्राम की भूमि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2012 में विद्युत् केन्द्र स्थापित करने के लिये अधिग्रहित किया गया था परन्तु अभीतक विद्युत् केन्द्र नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् केन्द्र कबतक स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटकीय स्थान हेतु

*2705. श्री मोहम्मद इसराईल मंसुरी (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत काँटी एवं मदवन प्रखंडों में माँ छिनमस्तिका मंदिर, दादा तेगे अली रहमतुल्लाह अलहये मजार शरीफ एवं काँटी कोठिया शरीफ दरगाह अवस्थित है जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत माँगने के लिये आते-जाते हैं परंतु उक्त स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिये मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों को पर्यटकीय स्थान के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना

*2706. श्री विजेन्द्र चौधरी (क्षेत्र संख्या-94 मुजफ्फरपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुरौल प्रखंड के पिलखी में विभागीय राज्यादेश संख्या 161 (iv), दिनांक 10 मई, 2018 द्वारा विभागीय कोटि के कुल 50 पदों का सृजन कर राजकीय रामदुलारी मिट्ठूलाल चौधरी (मातृ शिशु) मेमोरियल अस्पताल, पिलखी गणपति को चालू करने का आदेश दिया गया था, परंतु अभीतक उक्त अस्पताल को चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

आवास उपलब्ध कराना

*2707. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड के रामपुर, खजुरिया, रामपुरवा गाँव में यमुना राम सहित छ: लोगों के फूस के घर दिनांक 21 फरवरी, 2021 को आगलगी में जल गये जिसके कारण लोग खुले छत के नीचे रहने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त लोगों को आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---

नोट--'घ'-आपदा प्रबंधन विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

राशि की वसूली

*2708. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सभी अस्पतालों में साफ-सफाई हेतु राष्ट्रीय लोक सेवा संघ, मझौवा, आरा का चयन करने के लिये निविदा में बदलाव कराते हुये करोड़ों राशि का घोटाला किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा में चयनित एजेंसी को 35 पैसा प्रति वर्ग मीटर की दर से निविदा निष्पादित हुआ है, परंतु सिविल सर्जन, आरा द्वारा जिला पदाधिकारी, भोजपुर के अनुमोदन के वगैर निर्धारित दर से तीन गुणा से ज्यादा दर पर निविदा निष्पादित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी को निष्पादित निविदा की जाँच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुये गबन की राशि की वसूली करने का विचार रखती है, हाँ, तो कतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2709. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना काल में शेखपुरा जिला मुख्यालय के जखराज स्थान पर आईसोलेशन सेन्टर बनाये गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी मानक के अनुरूप इस आईसोलेशन सेन्टर में मानक के अनुसार सुविधा उपलब्ध न कराकर महज खानापूर्ति की गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भारी संख्या में आये प्रवासी बिहारी मजदूरों को जैसे-तैसे रखा गया था और बिना जाँच किये दो-तीन दिनों में ही घर भेज दिया गया था तथा सरकारी राशि का लूट-खसोट किया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेखपुरा जिला के उक्त आईसोलेशन सेन्टर में हुई अनियमिता की जाँच कराकर सरकारी राशि को लूटने वाले दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2710. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के महलगाँव स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है एवं यहाँ प्रतिनियुक्त चिकित्सक उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं आते है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण एवं चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था कराना

*2711. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखंड के फतेहपुर ग्राम तथा वारिसनगर प्रखंड के नागरबस्ती ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के जर्जर भवन की वजह से चिकित्सा व्यवस्था लचर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में नये भवन निर्माण कर स्थानीय मरीजों के उपचार हेतु समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

अनुदान की राशि

*2712. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के प्रखंड कुर्साकांटा पंचायत-हरिरा, ग्राम-मेहदीपुर, वार्ड नं0 12 निवासी गोलु कुमार पासवान, पिता-श्री सीता राम पासवान के पुत्री सलोनी कुमारी, उम्र 3 वर्ष 06 माह की मृत्यु तालाब में डूबने से दिनांक 12 दिसम्बर, 2018 को हो गयी है, परंतु आजतक अनुदान की राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री अनुदान की राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2713. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केंद्र कामरू तथा मेहडोल के भवन का निर्माण कार्य बिहार राज्य स्वास्थ्य आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड द्वारा 2018 में शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा अभी तक पूरा नहीं किया गया है जिससे कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मियों तथा रोगियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2714. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सिविल सर्जन कार्यालय, पटना के लिपिक श्री श्याम शंकर को माननीय उच्च न्यायायल, पटना द्वारा दिनांक 26 सितम्बर, 2019 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के ज्ञापांक 1755(4), दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को निलंबन मुक्त कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संविधान के अनुच्छेद 20 (2) का उल्लंघन करते हुए निदेशक, स्वास्थ्य निदेशालय, पटना के पत्रांक सं0 सं0 04/विधि-08-172(4), दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 द्वारा श्री शंकर को तत्काल प्रभाव से पुनः निलंबित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक श्री शंकर (लिपिक) को निलंबन मुक्त करते हुए न्यायालय के आदेश के विपरित कार्य करने वाली दोषी पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*2715. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर के राज परिसर में ऐतिहासिक महत्व के धरोहर नौलखा महल, हाथी महल, अष्टधातु का विशाल घण्टा, राज तालाब के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के देवी-देवताओं का विशाल मंदिरों का समूह अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परिसर अंग्रेजी नव वर्ष के उपलक्ष्य में भारी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक उपस्थित होते हैं तथा सालों भर पर्यटक आते रहते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ऐतिहासिक धरोहर रख-रखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील होता जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त राज परिसर के धरोहरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराना चाहती है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) स्वीकारात्मक ।

(4) जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने अपने पत्रांक 83, दिनांक 24 फरवरी, 2021 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि यह परिसर दरभंगा राज के अधीन रिलीजियस ट्रस्ट है। वर्तमान में कोई योजना प्रस्तावित नहीं है।

----------

चिकित्सीय सुविधा हेतु

*2716. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी में मरीजों की संख्या अत्यधिक रहने तथा चिकित्सीय सुविधा एवं संसाधन की कमी रहने के कारण मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें अन्यत्र इलाज हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर अनुमंडलीय अस्पताल में परिणत कर मानक के अनुरूप चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन बनवाना

*2717. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के निमचक बथानी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निमचक बथानी में महिला डॉक्टर नहीं रहने के कारण ग्रामीण इलाके के महिला मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का आजतक अपना भवन नहीं बनाया गया है तथा दूसरे भवन में चलाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर पदस्थापित करने तथा उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कराना

*2718. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखण्ड अन्तर्गत मौधो स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं रहने से मवेशी अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में घुस जाते हैं, जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*2719. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत बैदा पंचायत और जंगलाटाल पंचायतों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिये 20 किलोमीटर दूर अमदाबाद जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बैदा पंचायत के भरनाठी ग्राम में, जो दोनों पंचायत के मध्य अवस्थित है, में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का जीर्णोद्धार

*2720. श्री हरिभुषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत परसौनी उत्तरी पंचायत के परसौनी दलित टोला में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन क्षतिग्रस्त है, जिससे आमजनता स्वास्थ्य सेवा का समुचित लाभ से वंचित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*2721. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम+पो०-सुहियां के लक्ष्मण चौधरी, पिता-रामेश्वर चौधरी की दिनांक 10 जुलाई, 2020 को साँप के कांटने से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक उनके आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उनके आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) सर्पदंश को प्राकृतिक आपदा/स्थानीय प्रकृति की आपदा के अन्तर्गत अधिसूचित नहीं किया गया है । यद्यपि बाढ़ अवधि के दौरान बाढ़ जनित कारणों से सर्पदंश के कारण हुई मृत्यु को प्राकृतिक आपदा जनित कारण मानते हुये SDRF/NDRF द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं मानदर के सदृश्य अनुग्रह अनुदान/अन्य अनुदान देय है । बाढ़ अवधि के बाद सर्पदंश को प्राकृतिक आपदा जनित कारण नहीं माना गया है । जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार स्व० लक्ष्मण चौधरी की मृत्यु बाढ़ जनित कारणों से नहीं हुआ है । अत: प्रश्नगत मामले में अनुग्रह अनुदान देय नहीं है ।

Optimized by www.ImageOptimizer.net

मुआवजा देना

*2722. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम+पो०-होरिल छपरा के गोविन्द चौधरी, पिता-रामनिवास चौधरी की दिनांक 2 मई, 2020 को सुहियां भागड़ नदी पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक उनके आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उनके आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) जिला पदाधिकारी भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक गोविन्द चौधरी की आश्रित पत्नी अंजली देवी को चेक संख्या 740484, दिनांक 6 फरवरी, 2021 द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान किया जा चुका है ।

--------

पुनर्निर्माण कराना

*2723. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद के कुटुम्बा रेफरल अस्पताल के छतों से पानी टपकता है, जिसे पुनर्निर्माण की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल का पुन:निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान की व्यवस्था

*2724. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पोस्टपेड मीटर के बले प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है जो रिचार्ज करने पर काम करेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा के अभाव में रिचार्ज करने में गरीबों को कठिनाई होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार क्या सरकार प्रीपेड मीटर की व्यवस्था को जबतक सभी लोग शिक्षित और इंटरनेट फ्रेंडली नहीं हो जाते तबतक स्थगित रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

वापस कराने हेतु

*2725. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत मुहल्ला लोदीपुर के वार्ड नं०27 स्थित महंत रामकिशुन दास वल्द राम बालक दास के मठ की जमीन पर उत्कर्ष स्फटिक लि० द्वारा एपार्टमेंट का निर्माण 2019 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मठ के जमीन पर एपार्टमेंट का निर्माण धार्मिक न्यास एवं रेरा के नियम के विरुद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मठ के जमीन को कबतक मुक्त कराकर मठ को वापस कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*2726. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कदवा में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद 2 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वार्ड बनाना

*2727. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मंडल कारा, सीवान में गम्भीर रूप से बीमार पड़ने वाले कैदियों के इलाज हेतु सदर अस्पताल, सीवान में कोई स्थायी कैदी वार्ड नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मंडल कारा से इलाज हेतु गंभीर रूप से बीमार कैदियों को सदर अस्पताल भेजा जाता है किन्तु सदर अस्पताल में वार्ड के अभाव में उनका ठीक से इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैदियों के इलाज के लिये सदर अस्पताल, सीवान में वार्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रोक लगाना

*2728. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2020-21 की मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की अनुशंसाओं को बैक डेट से प्राप्त करा कर जिला योजना पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या उक्त ऐसी योजनाएँ जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति अभीतक नहीं हुयी है उनपर रोक लगाने का सरकार विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

*2729. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमण्डल में स्थित अनुमण्डलीय अस्पताल का भवन वर्ष 2020 की भीषण बाढ़ में जर्जर हो गया है, जिस कारण मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों को चिकित्सकीय कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2730. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड अन्तर्गत कुरैया पंचायत के कुरैया ग्राम में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जो भवन के अभाव में किराये के मकान में चलता है जबकि ग्रामीणों द्वारा भवन निर्माण हेतु दिनांक 27 दिसम्बर, 2013 को ही राज्यपाल, बिहार के नाम जमीन दान दिया जा चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना

*2731. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के भैरव स्थान अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य एक साल पहले ही पूर्ण हो चुका है, लेकिन अभीतक स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने से स्थानीय रोगियों खासकर बुजुर्गों, महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली उपलब्ध करवाना

*2732. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र में कैपकॉन कम्पनी द्वारा अभीतक किसानों को कृषि हेतु बिजली उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार मार्च, 2018 तक कैपकॉन कम्पनी द्वारा सभी खेतों में सिंचाई हेतु बिजली पहुँचाने का लक्ष्य था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## निर्माण कराना

*2733. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्रारंभिक स्वास्थ्य केन्द्र की भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण की स्वीकृति दो वर्ष पूर्व देकर सरकार द्वारा राशि आवंटित एवं विमुक्त कर दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का अभीतक निर्माण प्रारंभ नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

## अस्पताल बनाना

*2734. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी कांटाकोश पंचायत के सुरापार लाही टोला में कांटाकोश, जंगलाटाल मौजा में 1980 में 50 डिसमिल जमीन अस्पताल बनाने के लिए महामहिम राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री की गई थी, लेकिन अबतक अस्पताल नहीं बना है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर वहाँ अस्पताल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## ट्रांसफॉर्मर लगाना

*2735. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत पलासी प्रखंड के मियाँपुर पंचायत के वार्ड नं0-6 में बिजली का ट्रांसफॉर्मर विगत 9 माह से जल गये हैं लेकिन आजतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मियाँपुर पंचायत के वार्ड नं0-6 में ट्रांसफॉर्मर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*2736. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल, खगड़िया परिसर में ए0 एन0 एम0 स्कूल विगत तीन वर्षों की अधिक समयावधि से संचालित है, जिसमें छात्राएँ स्वयं को असामाजिक तत्वों के भय से असुरक्षित महसूस करती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्कूल में चहारदीवारी (कांटेयुक्त), सी0 सी0 टी0 वी0 कैमरा एवं चहारदीवारी के चारों तरफ लाइट की व्यवस्था करने की दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था कराना

*2737. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड एकमा में 25 उप-स्वास्थ्य केन्द्र है जिसमें असहनी उप-स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य 4 उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त चारों उप-केन्द्रों पर बोर्ड लगाकर मात्र किराया दिया जा रहा है जबकि न डॉक्टर और न दवा की व्यवस्था है, साथ ही मोहब्बत नाथ के मठिया उप-स्वास्थ्य केन्द्र सहित 21 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में भी न चिकित्सक रहते हैं न दवा की व्यवस्था है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर भवन निर्माण एवं डॉक्टर और दवाई की समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि देना

*2738. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-जयनगर, मुशहरी टोल निवासी श्री भुनटुन राय की पुत्री सोनू कुमारी की मृत्यु दिनांक 9 मई, 2020 को पानी में डूबने से हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनू कुमारी की मृत्यु का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पानी में डूबने से बताया गया है एवं जिसका यू0 डी0 केस संख्या 2/20 सोनवरसा थाना में दिनांक 9 मई, 2020 को दर्ज किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनू कुमारी के परिजन को आपदा मद से मिलने वाली चार लाख की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

'च'-*2739. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखण्ड राजपुर के पंचायत समहुता के ग्राम-पटखवलिया में कंचल नदी से कटाव होने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटाव को रोकने एवं किसानों को फसल क्षति मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना : राज कुमार सिंह,
दिनांक 19 मार्च, 2021 (ई0) । सचिव,
बिहार विधान सभा ।

---

नोट--'च'-आपदा प्रबन्धन विभाग से जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

बि0 स0 मु0-136 (एल0 ए0)-2020-21-डी0 टी0 पी0-550